

# नीना वर्मा ने ग्रापं देलमी को पानी का टैंकर प्रदान किया

**धार। धार विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने मंगलवार को ग्राम पंचायत देलमी तथा कलमखेडी कों पानी के टैंकर प्रदान किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि गाँव में नल-जल योजना से घरेलू जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध तो है, लेकिन सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों जैसे विवाह, उत्सव, सामूहिक भोज आदि के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में टैंकर मिलने से गाँव वासियों की यह बड़ी समस्या दूर हो गई है।**

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय ज्ञानेंद्र त्रिपाठी



भाजपा सेनापति नगर मण्डल अध्यक्ष विशाल निगम और कुशभाऊ ठाकरे नगर मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी मंडल महामंत्री अमित शर्मा राकी आहूजा मंडल पदाधिकारी विजेंद्र सिंह ठाकुर केशव अग्रवाल समेत स्थानीय कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

गांव के पुरुषो और महिलाओं ने विधायक वर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल से सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में होने वाली पानी की समस्या का समाधान हो गया है, जिससे गाँव में खुशहाली का माहौल है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## एक नजर में

### अखंड धाम पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव शुरू



इंदौर . बिजासन रोड स्थित प्राचीन श्री अविनाशी आश्रम अखंड धाम पर तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव आज से 10 जुलाई तक मनाया जाएगा। आश्रम परिवार के हरि अग्रवाल एवं सचिन सांखला ने बताया कि आज सुबह महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरूप के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर संत राजानंद महाराज के सानिध्य में आश्रम के ट्रस्ट मंडल की ओर से हरि अग्रवाल, ठा. विजयसिंह परिहार, सचिन सांखला, भावेश दवे, रणधीर दग्धीआदि ने रामायणजी का पूजन किया. महोत्सव में 9 जुलाई को दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक अखंड रामायण पाठ का विराम एवं संत महात्माओं के सानिध्य में भजन कीर्तन एवं प्रवचन के कार्यक्रम होंगे. इसके पूर्व सम्पूर्ण गीता पाठ का आयोजन भी होगा। गुरुवार 10 जुलाई को सुबह 8 बजे से गुरू पूजन एवं गुरू गीता पाठ के बाद 9 बजे से सदगुरूदेव भगवान की पूजा एवं महाआरती के आयोजन प्रारंभ होंगे. उन्होंने बताया कि आश्रम पर वर्ष 2006 से ओम नम: शिवाय महामंत्र के अखंड जाप का अनुष्ठान भी जारी है. आगामी दिसम्बर माह में 4 से 10 तारीख तक आश्रम पर अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का 58वां आयोजन भी होगा, जिसमें आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद महाराज का 58वां पुण्यतिथि महोत्सव भी मनाया जाएगा.

### कांटाफोड़ शिव मंदिर से जुड़े भक्त अमरनाथ रवाना



इंदौर. बाबा बर्फानी के दर्शन करने और अमरनाथ यात्रा मार्ग पर बालटाल एवं पंचतरणी में चल रहे शहर के नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर की लंगर सेवा में मदद के लिए मंदिर से जुड़े 90 श्रद्धालु मंगलवार दोपहर मालवा एक्सप्रेस से प्रस्थित हुए तो समूचा रेलवे स्टेशन परिसर बाबा बर्फानी के जयघोष से गूंज उठा. विधायक गोलू शुक्ला ने रेलवे स्टेशन पर सभी श्रद्धालुओं को विदाई दी. श्रद्धालु अपने साथ 10 किलो वजनी त्रिशूल भी लेकर गए हैं, जिसकी स्थापना गुफा स्थल पर की जाएगी. यह परंपरा वर्ष 2006 से चली आ रही है. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि अरमनाथ श्राईन बोर्ड द्वारा पहली बार मंदिर को लंगर सेवा के लिए सीधे अनुमति प्राप्त हुई है. फलस्वरूप पंचतरणी एवं बालटाल में खन्ना (पंजाब) के श्री बर्फानी सेवा दल के साथ गत 1 जुलाई से ही भव्य लंगर सेवा प्रारंभ हो गई है. आज गए श्रद्धालुओं के जत्थे की सारी व्यवस्था सुशील प्रजापति एवं आनंद शर्मा की देखरेख में संपन्न होगी। यह जत्था 17 जुलाई को इंदौर लौट आएगा. इस बार मंदिर के श्रद्धालु अमरनाथ गुफा के साथ ही वैष्णोदेवी, शिवखोड़ी, श्रीनगर एवं गुलमर्ग सहित जम्मू कश्मीर के अन्य दर्शनीय स्थलों की यात्रा भी करेंगे.

### समाजसेवी कमल डोंगरिया का दुखद निधन



इंदौर. श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं स्व. फतेहचंद डोंगरिया के सुपुत्र कमल डोंगरिया का आज सुबह अल्प बीमारी के बाद बैकुंठवास हो गया. उन्होंने आजीवन चितौड़ा, अग्रवाल एवं वैश्य समाजों के बीच एकता सहित विभिन्न मुद्दों पर समर्पित भाव से काम किया. वे 68 वर्ष के थे. वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियों, दामादों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. निधन के पूर्व उन्होंने गो सेवा का पुण्य लाभ भी उठाया. अंतिम यात्रा 9 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके 80-सी, संगम नगर स्थित निवास से प्रारंभ होकर निज निवास 72 सर हुकमचंद मार्ग, इतवारिया बाजार होते हुए पंचकुइया मोक्ष धाम पहुंचेगी. श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज के अ.भा. अध्यक्ष राजेश महाजन, धर्मेन्द्र गुप्ता, अग्रसेन सोशल ग्रुप के राजेश गर्ग, शिव जिंदल सहित अनेक स्नेहीजनों ने उनके निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है.

### कोटवारों ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन



देपालपुर. देपालपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में कोटवारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. अंचल के समस्त कोटवारों ने अपनी मांगों को लेकर देपालपुर तहसीलदार लोकेश आहूजा के समक्ष मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया साथ ही मांग की गई है कि हमें पिछले 5 महीना से वेतन नहीं दिया गया हमें समय पर वेतन दिया जाए. 3 साल से कोटवारों को वर्दी का पैसा नहीं मिला है. अन्य कर्मचारियों की तरह कोटवारों की सेवाकाल में मृत्यु हो जाने पर उनके परिवार को 10 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि कोटवार के परिवार को दी जाए. कोटवारों पर गंभीर अपराध के झूठे आरोप लगने पर या अन्य किसी कारण से कोटवार को सेवा पृथक करने का अधिकार तहसीलदार के स्थान पर संपूर्ण विभाग की न्यायिक जांच उपरांत कलेक्टर को दिया जाए. कोटवारों ने तहसीलदार लोकेश आहूजा से कहा कि आप हमारा ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाएं और हमारी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाए. साथ ही तहसीलदार लोकेश आहूजा ने कोटवारों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है.

# त्रिपाठी धार जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य नियुक्त

## जिला भाजपा कार्यालय में हुआ स्वागत, शुभचिंतकों में हर्ष

**धार।** जिला रोगी कल्याण समिति धार की साधारण सभा के लिए जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पत्रकार ज्ञानेंद्र त्रिपाठी को (क्र्यस्) का सदस्य नियुक्त किया गया। राज्य शासन द्वारा जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त एवं निरंतर सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। श्री त्रिपाठी सन 1980 से राजनीति में सक्रिय रहकर सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में कई दायित्वों के साथ सदैव सक्रिय रहे हैं।यह दायित्व न केवल श्री त्रिपाठी जी की वर्षों की जनसेवा, पत्रकारिता और संगठनात्मक योगदान का सम्मान है, बल्कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम भी है। आपकी पत्रकारिता अनुभव, प्रशासनिक समझ और संवेदनशील



सोच से रोगियों के हित, स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जनकल्याण को अवश्य बल मिलेगा।

श्री त्रिपाठी की नियुक्ति पर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती व धार विधायक निवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा एवं विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने पुष्प माला, भाजपा दुपट्टा पहन कर मिठाई खिलाते हुए श्री त्रिपाठी का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ शरद विजयवर्गीय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवड़ा, जिला कार्यालय मंत्री जगदीश जाट, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी, दीपक शर्मा, अमित पाटीदार, जितेंद्र जाट, रतन पवार, नजमू बोहरा, नारायण चौधरी, राकेश दुर्गेश्वर, अमित शर्मा, देवेंद्र रावल अनिल यादव, प्रशांत रावल, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री त्रिपाठी के जिले रोगी कल्याण समिति के सदस्य मनोनीत होने पर इष्ट मित्रो ने बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं हर्ष व्याप्त रहा। उक्त जानकरी दीपक सिंह रघुवंशी ने दी।



# गंगाकुईधाम पर पौधारोपण

**बाग** - उप संचालक पशू चिकित्सा अधिकारी के आदेश अनुसार गंगाकुई धाम पर स्तिथ लक्ष्मणगीरी गौ शाला प्रांगण मे गंगाकुइ धाम के संत श्री सुरजपूरी महाराज व गौ शाला समिति के सदस्यों द्वारा पौधा रौपण किया गया जिसमै फलदार व छायादर वृक्षो के पौधे लगाए गये। गंगाकुई धाम पर संत श्री सुरजपूरी जी माहराज द्वारा पुर्व मै भी कई ओषधिय व हवन पूजन मे काम आने वाले पौधे लगाए गये जिनको माहराज द्वारा निरंतर दैखरेख कर आज उंन्हे बडे वृक्ष कर दिए। जिनसे पुरा गंगाकुई धाम हरियाली से आच्छादित है। जिनसे यहा दुर दराज से आने वाले दर्शनार्थियों को सुकून ओर बडई शांति मिलती है। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे बाग पशू चिकित्सक अधिकारी डाक्टर सूनिल बडोले का भि सहयोग रहा। इस दौरान उन्होने यह भि बताया कि आज लगातार वृक्षौ का कम हौना हमारे लिए बडा हानिकारक है इसलिए अधिक से अधिक वृक्षो को लगाओ ओर पर्यावरण बचाओ आज माहराज के सानिध्य मे पवित्र ओर चमत्कारी स्थान गंगाकुइ धाम पर पौधा रोपण किया गया है।

# श्री गुरु पूर्णिमा पर साधु-संतों-गुरुओं का सम्मान

**भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव**

धार। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक माननीय हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साधु संतों गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाना है बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर 10 जुलाई दिन गुरुवार को श्री गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से जिले के 18 मंडलों में साधु संतों गुरुओं का सम्मान किया जाएगा साथ ही धार नगर के अवधूत श्री नित्यानंद बापजी आश्रम व सोमनाथ मठ सागौर में साधु संतु गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाएगा.

साथ ही जिले व नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं योग केंद्र अन्य जगहों में



भी विभिन्न क्षेत्रों के गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव 10 जुलाई दिन गुरुवार आषाढ़ पूर्णिमा को मनाया जा रहा है श्री गुरु पूर्णिमा एक ऐसा दिन है जब हमारे देश एवं संस्कृति में सभी क्षेत्र के गुरुओं का सम्मान किया जाता है उन्होंने बताया कि श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए समस्त तैयारियां की जा रही है.

> आयोजन की देखरेख हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने जिला स्तरीय टोली का गठन करते हुए कार्यक्रम संयोजक के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे एवं सह संयोजक जिला मंत्री दीपक फेमस को गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के प्रत्येक मंडल के पांच प्रमुख धार्मिक स्थानों पर कार्यक्रम होगा जिसमें भाजपा नेता और जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# श्रीमद् भागवत कथावाचक महंत राधे राधे बाबा सरदारपुर आएंगे16 को

सरदारपुर। अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा के महन्त एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राधे-राधे बाबा का 16 जूलाई शाम को सरदारपुर आगमन हो रहा है। बाबा के आगमन को लेकर नगर भक्तो में बडी खुशी है, इनके स्वागत सम्मान में तैय्यारिया शुरू कर दी गई है। भागवत सत्संग समिति और हरिओम मंडल के राजेंद्र ग्रेवाल, शैतानसिंह चौहान ने बताया कि राधे-राधे बाबा के आगमन पर



भोपावर मार्ग पर स्थित कम्यूनिटी हाल में 17 जूलाई गुरुवार को सुबह 11 बजे गुरूदेव पादपूजन का आयोजन होगा। पादपूजन के बाद दोपहर 12 से 4 बजे तक बाबा के मुखारविंद से अमृत ज्ञान प्रवचन का कार्यक्रम होगा। भागवत सत्संग समिति ने एक दिनी आयोजन का लाभ लेने हेतु सनातन धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है।

# धार गायत्री शक्तिपीठ पर हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे गुरु पूर्णिमा का पर्व

धार 09 जुलाई 2025 गुरु पूर्णिमा का पर्व प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी धार गायत्री शक्तिपीठ पर (महेश नगर किले के पीछे) 10 जुलाई, गुरुवार को श्रृद्धा, भक्ति और हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। धार गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी रमेश चंद्र सचान ने बताया कि गुरुपूर्णिमा को प्रात: 9:00 बजे से संस्कार और पंच



कुंडी यज्ञ का क्रम प्रारंभ होंगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा भी दिलवाई जाएगी। गुरुपूजन और यज्ञ पूर्णाहूति के पश्चात दोपहर 12. 00 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।

# दसाई स्कूल निरीक्षण में अनुपस्थिति पर सख्ती, सुधार के निर्देश

सरदारपुर न्यूज़. जनजाति कार्य विभाग धार से मंडल संयोजक श्री राकेश चौधरी साहब एवं श्री लाभू चारण विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरदारपुर ओर मंडल संयोजक श्री प्रकाश पंवार द्वारा बालक हायर सेकेंडरी स्कूल का अवलोकन किया गया एवं जन सुनवाई के लम्बित शिकायत प्रकरण को सूक्ष्म जांच की गई और शिकायत



कर्ता के समक्ष ओर कक्षा अवलोकन के दौरान बच्चों को गणित की कुछ विशेष ट्रिक बताई गई और बच्चों को खूब मेहनत कर अच्छे अंक लाने हेतु प्रेरित किया गया संस्था प्राचार्य श्री राजीव कुमार बघेल एवं जन शिक्षक धर्मेंद्र परमार एवं श्री भरत लाल पाटीदार नवीन पाटीदार एवं संस्था के समस्त शिक्षक उपस्थित थे

# पुराना क्रॉसिंग खोले जाने की मांग



**इंदौर**. मांगलिया रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे रेलवे ब्रिज का कार्य जब तक पूरा नहीं होता, तब तक सिंगापुर टाउनशिप के पास स्थित पुराने रेलवे क्रॉसिंग को अस्थायी रूप से चालू किया जाए. यह मांग किसान नेता हंसराज मंडलोई ने उठाई है. उन्होंने कहा कि रेलवे ब्रिज निर्माण के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मंडलोई ने कहा कि सिंगापुर टाउनशिप और आसपास की सैकड़ों कॉलोनियों में रहने वाले हजारों नागरिकों को आने-जाने में भारी दिक्कतें हो रही हैं. गर्मी के मौसम में छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है. वहीं, मांगलिया व क्षिप्रा क्षेत्र के ग्रामीणों को भी आवागमन में बड़ी बाधाएं झेलनी पड़ रही हैं. उन्होंने यह भी मांग की कि रेलवे विभाग जल्द से जल्द दूसरा बोगदा चालू करे, जिससे ट्रैफिक दबाव को कुछ हद तक कम किया जा सके. इसके अलावा, निरंजनपुर से मांगलिया तक के मार्ग पर, खासतौर पर सिंगापुर टाउनशिप वाले चौराहे पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए. इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भी समर्थन जताया.

**लंबे जाम से परेशान क्षेत्रवासी, सिंगापुर टाउनशिप वाले चौराहे पर नहीं है पुलिस व्यवस्था**

एक नजर

**कीटनाशक विक्रेता संघ का गठन, ओमप्रकाश पाटीदार अध्यक्ष नियुक्त**

# किसानों को उचित दाम पर सभी दवाइयां उपलब्ध कराएंगे

**सरदारपुर** . आदान, विक्रेता संघ द्वारा विजय पाटीदार बडवेली को उपाध्यक्ष पद पर एवं विजय कुमार सांवलेचा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया जिसमें सरदारपुर के समस्त विक्रेता बंधु साथ ही ग्राम बोला एवं ग्राम भोपावर के विक्रेता बंधु भी संघ के सदस्य के रूप में शामिल हुए कृषि आदान संघ द्वारा कार्यकारिणी गठन के पश्चात सभी सदस्यों द्वार शपथ ली गई की नकली कीटनाशक एवं खाद नहीं बेचेंगे। किसानों को उचित दाम पर सभी



दवाइयां उपलब्ध कराएंगे जितना अधिक हो सकेगा उतना किसान हित में हमेशा तत्परता से कार्य करेंगे卐 किसान हित सर्वोपरि卐 के स्लोगन पर कार्य करेंगे। सदस्य के रूप में मुकेश चौधरी ,विजय मारू,जगदीश सावलेचा आदि उपस्थित हुए। एक दूसरे को बधाई दी गई संगठन गठन के बाद संघ के कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष द्वारा सहभोज, करके समापन किया गया संगठन के द्वारा किसानों को उचित मूल्य पर दवाई देने का संकल्प लिया